# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 14.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने वैज्ञानिक अनुसंधान में पारंपरिक ज्ञान के महत्व पर बल दिया है। वे आज शिमला में हिम विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन के दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारम्भ पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने युवा वैज्ञानिकों से पारम्परिक ज्ञान प्रणालियों को संरक्षित और एकीकृत करने के साथ–साथ आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान का वास्तविक उद्देश्य मानवता का कल्याण होना चाहिए।

राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचारशील चर्चा के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी को स्थानीय परंपराओं, स्वदेशी ज्ञान और प्रकृति के साथ जोड़ा जाना चाहिए जिससे इनकी सार्थकता बढ़ेगी। राज्यपाल ने नशीली दवाओं के दुरूपयोग के दुष्प्रभावों को लेकर भी चर्चा की।

### परीक्षा परिणाम

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यू.जी. 2025 ने मेडिकल में प्रवेश के लिए परिणाम आज घोषित कर दिए हैं। स्कोर कार्ड परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट एन.टी.ए. नीट डॉट एन.आई.सी डॉट इन पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से मेरिट सूची देख सकते हैं। नीट परीक्षा 4 मई को देश भर के 5 सौ 52 शहरों और भारत के बाहर 14 शहरों में स्थित 5 हजार 4 सौ से अधिक विभिन्न केंद्रों पर 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी। राजस्थान के महेश कुमार ने पहला मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

### जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि फूलों की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने जुलाई 2018 में हिमाचल पुष्प क्रांति योजना शुरू की थी, जिसे सरकार ने घोषित या अघोषित रूप से बंद कर दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस योजना के तहत पुष्प उत्पादकों के लिए 85 प्रतिशत सब्सिडी देने का प्रावधान था। उन्होंने कहा कि केवल पुष्प क्रांति योजना ही नहीं, बल्कि पूर्व सरकार की प्रत्येक जनहित योजना के साथ वर्तमान राज्य सरकार इसी तरह का बरताव कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस रवैये से स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार राज्य के विकास व आत्मनिर्भरता में बाधा बनी हुई है।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिमला ज़िले के जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 40 करोड़ रूपए की लागत वाली विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। क्षेत्र के पुजारली में आज उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की भाग्य रेखाएं होती हैं और हिमाचल जैसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में सड़कों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। रोहित ठाकुर ने कहा कि सड़कों के घनत्व में जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र वर्तमान में पूरे प्रदेश में अग्रणी है। रोहित ठाकुर ने पुजारली–चार में केन्द्रीय माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन भी किया।

## विश्व रक्तदाता दिवस

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। हर वर्ष 14 जून को रक्तदान से लोगों की जान बचाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। इस वर्ष, विश्व रक्तदाता दिवस का विषय है – **रक्त दें, आशा दें: साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं**। यह थीम रक्तदाताओं के जीवन–परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, और नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में विभिन्न रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया है।

## बाली

प्रदेश पयर्टन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस बाली ने कहा है कि शहरी व ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है। वे सोलन में आयोजित 8 दिवसीय ग्रीष्मोत्सव के दौरान बोल रहे थे। बाली ने कहा कि सरकार पयर्टन को और अधिक बढ़ावा दे रही है ताकि पयर्टक हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की जानकारी हासिल कर सकें।

## फैस्टिवल

पयर्टन नगरी मनाली के समीप देवलोक में तीन दिवसीय अतंर्राष्ट्रीय फिल्म व आर्ट फैस्टिवल कल शाम शुरू हुआ। राज्य पर्यटन विकास निगम के निदेशक विवेक भाटिया ने फैस्टिवल का शुभारम्भ किया। उन्होंने आयोजकों को इस आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसी गतिविधियों से प्रदेश को एक नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी इस तरह की गतिविधियां संचालित करने वालों को प्रोत्साहित कर रही है।

**नमस्कार।**